DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

# (Download) UPSC IAS Mains Optional सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र -1) Hindi Exam Paper - 2013

**Exam Name:** UPSC IAS Mains

**Year:** 2013

**Subject:** **सामान्य अध्ययन** (Hindi)

## प्रश्नों के उत्तर बन्धनी में विनिर्दिष्ट शब्द सीमा से ज्यादा न हों। उत्तर की विधय-वस्तु शब्द सीमा से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

1. दक्षिण भारत के राजनैतिक इतिहास की दृष्टि से अधिक उपयोगी न होते हुए भी संगम साहित्य उस समय की सामाजिक वे आर्थिक स्थिति का अत्यंत प्रभावी शैली में वर्णन करता है। टिप्पणी कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
2. (a) आरम्भिक भारतीय शिलालेखों में अंकित 'ताण्डव' नृत्य की विवेचना कीजिए। ( 100 शब्द) 5 marks

2. (b) मन्दिर वास्तुकला के विकास में चोल वास्तुकला का उच्च स्थान है। विवेचना कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

3. आयु, लिंग तथा धर्म के बंधनों से मुक्त होकर, भारतीय महिलाएँ भारत के स्वाधीनता संग्राम में अग्रणी बनी रहीं। विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

4. अनेक विदेशियों ने भारत में बसकर, विभिन्न आन्दोलनों में भाग लिया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनकी भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

5. “अनेक प्रकार से लॉर्ड डलहौज़ी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी।' व्याख्या कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

6. आचार्य विनोबा भावे के भूदान व ग्रामदान आन्दोलनों के उद्देश्यों की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए और उनकी सफलता का आकलन कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

7. 'जय जवान जय किसान' नारे के उद्भव और महत्ता पर एक समालोचनात्मक लेख लिखिए। (200 शब्द) 10 marks

8. स्वतंत्रता-पूर्व वे स्वतंत्रता उपरांत भारत में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के योगदानों की विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

9. उन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए जिनके कारण वर्ष 1966 में ताशकंद समझौता हुआ। समझौते की विशिष्टताओं की विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

10. उन परिस्थितियों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए जिनके कारण भारत को बांग्लादेश के उदय में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करना पड़ा। (200 शब्द) 10 marks

11. “विलम्ब से होने वाले जापानी औद्योगिक क्रान्ति में कुछ ऐसे कारक भी थे जो पश्चिमी देशों के अनुभवों से बिल्कुल भिन्न थे।" विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

12. “यूरोपीय प्रतिस्पर्धा की दुर्घटनाओं द्वारा अफ्रीका को कृत्रिम रूप से निर्मित छोटे-छोटे राज्यों में काट दिया गया।" विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

13. “अमरीकी क्रान्ति, वणिकवाद के विरुद्ध एक आर्थिक विद्रोह था।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

14. आर्थिक महामंदी से निबटने के लिए किन नीतिगत साधनों का प्रयोग किया गया था? (200 शब्द) 10 marks

15. भारत में तीव्र शहरीकरण प्रक्रिया ने जिन विभिन्न सामाजिक समस्याओं को जन्म दिया, उनकी विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

16. “महिला संगठनों को लिंग-भेद से मुक्त करने के लिए पुरुषों की सदस्यता को बढ़ावा मिलना चाहिए।" टिप्पणी कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

17. भारत में वृद्ध जनसमूह पर वैश्वीकरण के प्रभाव का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (200 शब्द)। 10 marks

18. प्रादेशिकता की बढ़ती हुई भावना, पृथक् राज्य की माँग का प्रमुख कारण है। विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

19. (a) महाद्वीपीय विस्थापन' के सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं? इसके पक्ष में प्रमुख साक्ष्यों की विवेचना कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

19. (b) भारत के पूर्वी तट पर हाल ही में आए चक्रवात को ‘फाइलिन' (Phailin) कहा गया। संसार में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को कैसे नाम दिया जाता है? विस्तार से बताइए। (100 शब्द) 5 marks

20. (a) संसार के शहरी निवास-स्थानों में ताप-द्वीपों के बनने के कारण बताइए। (100 शब्द) 5 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

## (डाउनलोड) UPSC (IAS) Exams Papers
## आईएएस परीक्षा पेपर in Hindi Medium

---

- **यूपीएससी आईएएस (प्री) सामान्य अध्ययन परीक्षा (पेपर - 1)**
- **यूपीएससी आईएएस (प्री) CSAT (पेपर - 2)**

Click Here to Download
डाउनलोड

**CLICK HERE FOR ALL IAS HINDI Medium PAPERS**

**http://iasexamportal.com/hindi/papers**

IAS EXAM
Indian Administrative Services

# UPSC PRINTED STUDY NOTES

| | | |
|---|---|---|
| Study Material for IAS (UPSC) General Studies Pre. Cum Mains (Combo) | English | CLICK HERE |
| UPSC - IAS PRE (GS+CSAT) Solved Papers & Test Series | English | CLICK HERE |
| UPSC सामान्य अध्ययन प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा (Combo) Study Kit | Hindi | CLICK HERE |
| Study Material for IAS Prelims: GS Paper -1 + CSAT Paper-2 | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) GENERAL STUDIES Paper-1 (GS) | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) CSAT Paper-2(Aptitude) | English | CLICK HERE |
| Public Administration Optional for UPSC Mains | English | CLICK HERE |
| सामान्य अध्ययन (GS) प्रारंभिक परीक्षा (Pre) पेपर-1 | हिन्दी | CLICK HERE |
| आई. ए. एस. (सी-सैट) प्रांरभिक परीक्षा पेपर -2 | हिन्दी | CLICK HERE |
| Gist of NCERT Study Kit For UPSC Exams | English | CLICK HERE |
| यूपीएससी परीक्षा के लिए एनसीईआरटी अध्ययन सामग्री | हिन्दी | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRELIMS EXAM | English | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRE+MAINS+INTERVIEW EXAM | English | CLICK HERE |
| UPSC, IAS सिविल सेवा परीक्षा संपूर्ण अध्ययन सामग्री (प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार) | हिन्दी | CLICK HERE |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

20. (b)मौसम-विज्ञान में तापमान व्युत्क्रम' की घटना से आप क्या समझते हैं? उस स्थान के मौसम तथा निवासियों को यह कैसे प्रभावित करता है? (100 शब्द) 5 marks

21. उत्तरी गोलार्ध में मुख्य गर्म मरुभूमि 20-30 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर और महाद्वीपों के पश्चिम की ओर स्थित हैं। क्यों? (200 शब्द)। 10 marks

22. (a) पश्चिमी घाट की तुलना में हिमालय में भूस्खलन की घटनाओं के प्रायः होते रहने के कारण बताइए। ( 100 शब्द) 5 marks

22. (b) पश्चिमी घाट की नदियाँ डेल्टा नहीं बनातीं। क्यों? ( 100 शब्द) 5 marks

23. (a) क्या आप इस बात से सहमत हैं कि भारत के दक्षिणी राज्यों में नई चीनी मिलें खोलने की प्रवृत्ति बढ़ रही है? न्यायसंगत विवेचन कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

23. (b) भारत में अति-विकेन्द्रीकृत सूती-कपड़ा उद्योग की स्थापना में कारकों का विश्लेषण कीजिए। (100 शब्द)

Analyze the factors for the highly decentralized cotton textile industry in India. (100 words) 5 marks

24. जीवाश्मी इंधन की बढ़ती हुई कमी के कारण भारत में परमाणु ऊर्जा का महत्त्व अधिकाधिक बढ़ रहा है। परमाणु ऊर्जा बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल की भारत व संसार में उपलब्धता की विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

25. यह कहा जाता है कि भारत में देश की 25 वर्ष की आवश्यकता-पूर्ति के लिए शिला-तेल और गैस का पर्याप्त भण्डार है। तथापि, कार्यसूची में सम्पत्ति की निकासी उच्च स्थान पर नज़र नहीं आती। इसकी प्राप्यता तथा आवेष्टित समस्याओं की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC